In the name of Allah the Most Gracious the Ever Merciful
بسم اللہ الرحمن الرحیم

Press Desk
Ahmadiyya Muslim Jamaat
INTERNATIONAL
(INDIA)

شعبہ پریس اینڈ میڈیا بھارت
**Office Press & Media**
Ahmadiyya Muslim Jama'at India,
Qadian-143516, Distt.Gurdaspur, Punjab, India.
Mobile: +91-99887 57988
Email: pressamjindia@gmail.com
Tel: +91-1872-500282
ahmadiyya_press ahmadiyyapressindia

( A Registered Religious and Charitable Society in India under the Societies Registration Act XXI 1860 )

زیر حوالہ/Ref
تاریخ/Date

**SPM-032**
**24–4–2025**

प्रैस नोट

## अहमदिया मुस्लिम जमात द्वारा पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा और शांति एवं भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील

कादियां जिला गुरदासपुर 24 अप्रैल 2025

अहमदिया मुस्लिम जमात भारत जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगाम क्षेत्र में हुए क्रूर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है, जिसमें 27 कीमती जानें चली गईं और कई मासूम लोग घायल हुए।

यह हमला न केवल मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है, बल्कि धर्म, नैतिकता और मानवता की बुनियादी मूल्यों के भी खिलाफ है। अहमदिया मुस्लिम जमात इस दुखद घटना पर गहरा शोक प्रकट करती है और शहीदों के परिजनों के प्रति दिल से संवेदना व्यक्त करते हुए उनके लिए धैर्य और सहनशक्ति की दुआ करती है। जमात घायलों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भी प्रार्थना करती है।

अहमदिया मुस्लिम जमात हर प्रकार के आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ है और हमेशा से शांति, सहिष्णुता और मानवता की रक्षा के लिए आवाज़ बुलंद करती रही है। अहमदिया मुस्लिम जमात का हमेशा यह स्पष्ट मत रहा है कि आतंकवाद और इस्लाम का आपस में कोई संबंध नहीं है।

क़ुरआन शरीफ़ में अल्लाह तआला साफ़ तौर पर फरमाता है: "जिसने किसी इंसान को क़त्ल किया — बिना इस वजह के कि उसने किसी को क़त्ल किया हो या ज़मीन में फसाद फैलाया हो — तो मानो उसने पूरी मानवता को क़त्ल कर दिया।" (सूरह अल-मायदा, आयत 32)

यह आयत इस्लाम के शांति-प्रिय संदेश की पूरी तरह से झलक देती है। एक इंसान की जान लेना, पूरी इंसानियत पर हमला समझा गया है।

भारत एक ऐसा सुंदर गुलदस्ता है जहाँ विभिन्न धर्मों, रंगों और नस्लों के लोग मिल-जुलकर प्यार और मोहब्बत के साथ रहते हैं। लेकिन कुछ गुमराह तत्व समय-समय पर इस गुलदस्ते को बिगाड़ने की कोशिश करते रहते हैं। अहमदिया मुस्लिम जमात भारत, पहलगाम में हुए इस क्रूर आतंकी हमले की एक बार फिर कड़ी निंदा करती है और शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना और धैर्य की दुआ करती है। अल्लाह तआला हमारे देश और कौम को हर प्रकार के फसाद और संकट से महफ़ूज़ रखे। आमीन।

**प्रैस नोट समाप्त**


**Tariq Ahmad K**
Incharge Press & Media,
Ahmadiyya Muslim Jama'at India.
Mobile: +91-9988757988.